सजदा कबूल कीजिये तेरे दर पे आ गया

सजदा कबूल कीजिये तेरे दर पे आ गया,
नज़राना ए दिल आपके चरणों में रख दिया.....

तुम मेरी हो आराधना तुम मेरी बंदगी,
सूरत खुदा की तुम हो तुम मेरी ज़िन्दगी,
तुम मेरी ज़िन्दगी..... तुम मेरी ज़िन्दगी,
एक झलक तेरे दीद की मेरे जीने की वजह,
सजदा कबूल कीजिये तेरे दर पे आ गया.....

रब का दीदार हो गया तुझे देखने के बाद,
जलवा ए नूर देख कर दिल हो गया आबाद,
दिल हो गया आबाद...... दिल हो गया आबाद,
तेरी सहरन में आकर दिल को सकूं मिला,
सजदा कबूल कीजिये तेरे दर पे आ गया.....

मेरी ये खुशनसीबी मुझको जो तुम मिले,
पाकर तुम्हे प्रभु मेरे उजड़े चमन खिले,
उजड़े चमन खिले....... उजड़े चमन खिले,
तूने ही है जगा दिया दिल का बुझा दिया,
सजदा कबूल कीजिये तेरे दर पे आ गया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28668/title/sajda-qabool-kijiye-tere-dar-pe-aa-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |